तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार,12 जनवरी 2024



13 सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को घरेलू सामग्री किया वितरित





14 सहायक प्रबंधक पदों पर शीघ्र नियुक्ति के...






## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा शिविर गांधी मैदान में 15 को

**गरियाबंद।** भारत सरकार द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद गरियाबंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर सोमवार 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नवीन आवेदन एवं पीएम स्वनिधि लोन के लिए आवेदन लिये जायेंगे। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्वला योजना के नवीन पंजीयन एवं पूर्व में प्राप्त हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया जायेगा। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के लिए आवेदन, आयुष्मान कार्ड ऑनलाईन पंजीयन एवं वितरण, आधार कार्ड अपडेशन, श्रम कार्ड पंजीयन एवं नवीनीकरण तथा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया जायेगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वे केन्द्र सरकार के योजनाओं का लाभ के लिए आवश्यक दस्तावेज, फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाईल लेकर संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचकर केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

### 22, 26 व 30 शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** जिले में 22, 26 एवं 30 जनवरी को मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इन तिथियों को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेशानुसार अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर जिले की समस्त मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। उक्त दिवस को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आबकारी अमले को उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिये है। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये है।

### कठिया मड़ई मेला कल विधायक होंगे शामिल

**अभनपुर।** ग्राम कठिया मे प्रतिवर्ष की भांति मेला मंडाई कार्यक्रम 13 जनवरी को रखा गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,अध्यक्षता पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,विशिष्ट अतिथि जपं.अध्यक्ष देवनंदनी साहू सहित आदि जनप्रतिनिधि शामिल होगे। इस अवसर पर रात्रिकालिन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक मंच स्वर सरिता भिलाई की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी हितेश गुप्ता द्वारा दी गई है।

### 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजिम के प्रस्ताव अनुसार ग्राम रोहिना निवासी 6 वर्षीय हुमनलाल की मृत्यु तालाब में डूबने से होने पर कलेक्टर ने उनके निकटतम परिजन जयलाल को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति की गई है।

### छोटा हाथी वाहन ने सायकल सवार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** छोटा हाथी वाहन की ठोकर से एक 14 साल का बच्चा घायल हो गया। प्रार्थी खुमेश सोनी पिता अश्वनी सोनी (14 साल) ग्राम कांपा ने पुलिस को बताया कि छोटा हाथी वाहन क्र सीजी 06 जीएन 7259 का चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बरबसपुर जाने का मार्ग ग्राम बिरकोनी के पास ठोकर मार दिया, जिससे उसे चोट आई है।

# पंचकोशी धाम की पदयात्रा की शुरुआत आज, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

## पांचों शिव मंदिरों में पूजा कर भक्त परिवार की खुशहाली की करेंगे कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

खास खबर

छत्तीसगढ़ के रसिद्ध पंचकोशी धाम की यात्रा आज 12 जनवरी से शुरू हो रही है। पंचकोशी धाम के अंतर्गत पटेवा के पटेश्वर महादेव, चंपारण के चंपेश्वर महादेव, बम्हनी के बम्हनेश्वर महादेव, फिंगेश्वर के फणिकेश्वर महादेव और कोपरा के कोपेश्वर नाथ महादेव शामिल हैं। इन सब मंदिरो में जाने के पहले पंचकोशी धाम यात्री जो कई हजारो की संख्या में शामिल रहते हैं। वे सबसे पहले राजिम त्रिवेणी संगम के बीच भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव के मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद इनका पहला पड़ाव पटेवा होता हैं। पटेवा से निकलने के बाद लगातार एक-एक दिन रूककर इन पंचकोशी धाम के पांचो शिव मंदिरो में बहुत ही श्रद्धा और विश्वास के साथ धूमधाम से पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के सुख- समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना करते हैं। इस पदयात्रा में लफंदी आश्रम के स्वामी सिद्धेश्वरानंद ब्रह्मचारी महाराज साथ होते हैं। निहायत इस धार्मिक पदयात्रा में शामिल होने के लिए गुरूवार रात से श्रद्धालु राजिम पहुंचने लगे हैं। ये श्रद्धालु लोमष ऋषि आश्रम, राजिम के बाबा गरीबनाथ महादेव के मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे। श्रद्धालुओं में आसपास के पचासों गांव के अलावा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालाघाट, महाराष्ट्र, भोपाल, नागपुर, धरमगढ़, पाटन, धमतरी, ▶▶| शेष पेज 12 पर



### 150 से 200 किमी पैदल चलेंगे यात्री

श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या अधिक है। ये सभी आज शुक्रवार सुबह 4 बजे राजिम संगम में स्नान करने के बाद कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना, आरती में शामिल होंगे। उसके बाद पटेवा के लिए पैदल ही रवाना होंगे। शुक्रवार को पटेवा में रात्रि विश्राम होगा। 13 जनवरी शनिवार को चंपारण, 14 जनवरी रविवार को बम्हनी महासमुंद, 15 जनवरी सोमवार को फणिकेश्वर महादेव मंदिर फिंगेश्वर, और 16 जनवरी मंगलवार को कोपेश्वर महादेव कोपरा में पूजा-अर्चना करेंगे। इन देव मंदिरो में पूजा-अर्चना करने के बाद नवापारा शहर के साहड़ा देव में हवन-पूजन करने की परंपरा चली आ रही हैं। उसके बाद इस यात्रा का समापन होगा। इस डेढ़-दो सौ किमी के यात्रा को सभी यात्री पैदल ही चलेंगे। खास बात यह है कि इस यात्रा में श्रद्धालु अपने सामान को सिर पर रखकर खुले पैर चलते हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी उनके साथ होते हैं। वे भी पैदल चलते हैं।

## गड़बड़झाला : शिक्षा विभाग गरियाबंद ने खरीदा पर वितरित नहीं किया

# सरकार बदलते ही गायब हो गए करोड़ों रुपए के ग्रीन ब्लैक बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि लगातार

राज्य में सरकार बदलते ही लगभग तीन साल पहले कोरोनाकाल में स्कूलों के लिए खरीदे गए ग्रीन ब्लैक बोर्ड गायब हो गए हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खरीदे गए ग्रीन ब्लैक बोर्ड चुनाव तक सामुदायिक भवन मैनपुर में रखे थे। भाजपा सरकार बनते ही ग्रीन बोर्ड सामुदायिक भवन में नहीं दिख रहे हैं। बोर्ड कहां हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल रही है। स्थानीय अफसर इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

■ सामुदायिक भवन मैनपुर में चुनाव के पहले रखा था

जानकारी के अनुसार करीब ढाई वर्ष पहले कोरोना संक्रमण काल के दौरान जब स्कूल बंद थे, तब इन सामाग्रियों की खरीदी की गई है। स्कूलों के लिए लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपए के ग्रीन ब्लैक बोर्ड और संकुलों में फर्नीचर 68 लाख रुपए के खरीदे गए थे। लोगों का आरोप है कि सामाग्री खरीदी के बाद बांटा नहीं गया है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के स्कूलों में बांटने के लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर

### कोरोना काल में स्कूलों के लिए खरीदे गए थे, पर बंटे नहीं





लापरवाही : स्कूलों के लिए 2 करोड़ 50 लाख के ग्रीन ब्लैक बोर्ड खरीदे गए
लाखों रुपये का ग्रीन ब्लैक बोर्ड सड़ रहा ढाई वर्ष बाद भी नहीं किया वितरण



लापरवाही : नवपदस्थ कलेक्टर के सामुदायिक भवन आने पर भीतर कमरे में रखा गया
लाखों रुपए से खरीदा गया ग्रीन ब्लैक बोर्ड सामुदायिक भवन में पड़े-पड़े सड़ रहा

### पूर्व सांसद ने कहा- कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के भ्रष्टाचारों की होगी जांच

मैनपुर पहुंचे पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय हुए भ्रष्टाचारों की जांच कराई जाएगी। पूर्व सांसद श्री साहू को आज फिर ब्लैक बोर्ड गायब किए जाने की शिकायत कई कार्यकर्ताओं ने की। साथ ही शिक्षा विभाग में कई सामाग्री खरीदी से संबंधित अनियमिताओं की भी शिकायत की है। पूर्व सांसद ने कहा कि चाहे खेलगढ़िया मामला हो या और सभी की जांच होगी जो भी जिम्मेदार होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में एक शिक्षक और मैनपुर के आसपास कई स्कूलों में जरूरत से ज्यादा शिक्षक होने की भी शिकायत की। जिस पर उन्होंने जल्द ही मामले को शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अवगत करवाकर कार्रवाई कराने की बातें कहीं।

# निस्तारी तालाब की शुरू हुई साफ-सफाई



खबर का असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में ऐतिहासिक एकमात्र निस्तारी तालाब में भारी गंदगी के चलते ठंड के दिनों में लोगों को निस्तार पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। तालाब में चारों तरफ झाड़ फूंस और जलकुंभी कचरा भरा हुआ है। तालाब का पानी बेहद गंदा हो गया है, जिसके कारण लोग बेहद परेशान है। इस संबंध में हरिभूमि ने 31 दिसम्बर 2023 को खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिला प्रशासन गरियाबंद ने खबर को संज्ञान में लिया। इसके बाद जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखो ने ग्राम पंचायत मैनपुर को तत्काल तालाब की सफाई करवाने का निर्देश दिए। पिछले एक सप्ताह से लगातार मैनपुर तालाब की सफाई कार्य किया जा रहा है।

**सौंदर्यीकरण कार्य दो साल से अधूरा-** ज्ञात हो कि मैनपुर के ऐतिहासिक तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए भी शासन द्वारा लाखों रुपए स्वीकृत हुआ है। कार्य भी दो साल पहले प्रारंभ किया गया था, लेकिन यह अभी अधूरा पड़ा हुआ है। सौंदर्यीकरण कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाए, जिससे नगर के लोगों को लाभ मिल सके।

**सफाई शुरू की गई-** ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच बलदेव राज ठाकुर ने बताया कि मैनपुर तालाब की साफ- सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है। जल्द ही लोगों को इस तालाब का लाभ मिलेगा।

# चारोंधाम चौक और बस स्टैंड में प्रसाधन नहीं, महिलाओं ने पुरानी साड़ी से बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका





चारों धाम चौक और बस स्टैंड पांडुका में एक भी प्रसाधन नहीं है। महिलाओं ने अपनी पुरानी साड़ी से घेरा कर प्रसाधन बनाया है। पांडुका अंचल के सबसे बड़े गांव पांडुका में लगभग 25 से 30 गांव के लोग आना-जाना करते हैं और यह सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार और अंचल के सबसे बड़ा कस्बा के नाम से जाना जाता है पर दुर्भाग्य की बात है कि इतने बड़े ग्राम पंचायत के बस स्टैंड और चारों धाम चौक में एक भी प्रसाधन नहीं है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों और खासकर महिलाओं को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता है और अपने लघु नित्य क्रिया निपटाने के लिए आसपास के घरों को खोजते हैं। ऐसे में पांडुका के कुछ जिम्मेदार लोगों ने इस बात को देखा और लगभग 45 महिलाओं ने अपनी पुरानी साड़ियां लेकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाएं ग्राम के खिलावन सिन्हा के नेतृत्व में महिलाओं ने चारों धाम चौक और बस स्टैंड में जमकर हंगामा किया और ग्राम पंचायत पांडुका के खिलाफ आक्रोशित होकर उप सरपंच के द्वारा अपने घर का दूषित पानी निस्तारी नया तालाब में उपयोग करने को लेकर जमकर बवाल किया। खिलावन सिन्हा ने बताया कि ग्राम की ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ उपसरपंच अपने घर के गंदे पानी को छोड़ रहा निस्तारी तालाब में

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पायलट का विधायक ध्रुव ने किया स्वागत ...



**मैनपुर।** कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट गुरुवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। बिन्द्रानवागढ़ विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जनक ध्रुव के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसियों ने भगतसिंह चौक पर गजमाला के साथ उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। विधायक श्री ध्रुव ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को तीर धनुष भी भेंट किया।

## जनमन मितानों का गरियाबंद, छुरा एवं मैनपुर में हुआ प्रशिक्षण

# पीएम जनमन योजना का लाभ दिलाने बनाए गए मितान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन तथा हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित कराने के लिए जिले में जनमन मितान बनाए गए हैं। जनमन मितान ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को शासकीय योजनाओं के लाभ लेने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही योजना से लाभ लेने की प्रक्रिया में उनकी सहायता भी करेंगे। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर जनपद पंचायत गरियाबंद, मैनपुर एवं छुरा में जनमन मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत हर पंचायत से दो जनमन मितान चुने गए हैं जो प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इन सभी को पीएम जनमन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग,शिक्षा विभाग,वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग,सहित कई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित हुए।





### 199 बसाहटों को करेंगे योजनाओं से लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों, परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं एवं सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। जिसके लिए 9 मंत्रालयों, विभागों की मौजूदा योजनाओं के साथ पीएम जनमन योजना अंतर्गत गरियाबंद जिले के 199 बसाहटों को चिन्हांकित कर प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करना है। इसके तहत पीवीटीजी सदस्यों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन-धन खाता, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, हर घर नल, विद्युतीकरण, पक्की सड़क, वन अधिकार पट्टा, पीएम मातृत्व वंदन योजना, पीएम कौशल विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों एवं जनमन मितानों को विस्तृत जानकारी दी गई।

### सब्जी की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने सब्जी की बात को लेकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज किया है। प्रार्थी लंबोदर दीप पिता स्व धनंजय दीप (50 साल) ग्राम गोपालपुर ने गुणसागर चौहान ग्राम जोगीदादर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाया है कि सब्जी के बात को लेकर उसके साथ आरोपी ने गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।


हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### 22 को राजिम में जलेंगे एक लाख दीप, मातृशक्तियों की हुई बैठक

**राजिम।** शासन स्तर में 22 जनवरी को राजिम मुख्यालय के महानदी किनारे एक लाख दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसकी तैयारी के लिए चित्रोत्पला मातृशक्ति समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, समिति के अध्यक्ष छाया राही, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रीति पांडेय, देवकी साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, सीमा शर्मा, विनीता शर्मा, ईश्वरी शर्मा, सरिता यदु, किरण तिवारी, ममता यदु, अनीता यादव, सावित्री देवांगन, पुष्पा निर्मलकर मौजूद थी। इन मातृशक्तियों ने बताया कि दीप प्रज्जवलित का कार्यक्रम काफी ऐतिहासिक होगा। इसमें राजिम और नवापारा शहर सहित आसपास के दर्जनों गांव के लोग शामिल होंगे।

### 2.5 किमी की दौड़ व ऊंची कूद की प्रतियोगिता आज

**अभनपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर के द्वारा 12 जनवरी को 2.5 किमी की दौड़ एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन बजरंगदास खेल मैदान अभनपुर नया बस स्टैंड के पास आयोजित किया गया है। सभी खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र और प्रथम 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।
प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन 12 जनवरी को सुबह 6 से 7 तक की जाएगी तत्पश्चात प्रतियोगिता प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता में पंजीयन निशुल्क है। उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवक एवं युवतियों को भाग लेने के लिए अध्यक्ष खेमचंद निषाद एवं सचिव योगेश साहू ने अपील की है। इस कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अधिकारी द्वारा थलसेना (अग्निवीर) की भर्ती प्रक्रिया एवं छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती प्रक्रिया के बारे में थाना अभनपुर के पुलिस अधिकारी द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी।

### आदर्श विद्यालय में स्वामी परमार्थदेव निरोग रहने के गुर सिखाएंगे कल

**छुरा।** योग गुरू बाबा रामदेव के विशेष शिष्य, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. स्वामी परमार्थ देव एवं छत्तीसगढ योग आयोग के प्रथम अध्यक्ष संजय



अग्रवाल का आगमन नगर में होगा। 13 जनवरी को आदर्श विद्यालय प्रांगण में सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच एक दिवसीय विशेष इंटीग्रेटेड योग शिविर के माध्यम से लोगों को निरोग रहने के सूत्र बताएंगे। पश्चात 9 बजे से 11 बजे के बीच सांस्कृतिक भवन छुरा में स्वामीजी गोष्ठी के माध्यम से योग सूत्र, योग के अद्भुत लाभ, असाध्य रोगों के निदान, योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंचलवासियों को प्रेरित करेंगे।

## अनदेखी : स्कूली बच्चों वाली संकेत बोर्ड भी नहीं, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

# सड़क पर संकेतक बोर्ड न होने से दुर्घटनाओं की बनी रहती है आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम तरीघाट से कुंडेल को जोड़ने वाले मार्ग जो त्रिकोणी है जहाँ वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गया है। केवल यही नहीं रोहिना, सेम्हराडीह रविनगर, कौनद्केरा, भेंडरी, रवेली पंडीतरई लोहरसी जैसे मोड़ वाले सड़क पर संकेतक बोर्ड नहीं होने से यात्रियों को बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मार्ग मे तीन रोड अलग - अलग होने से और खतरा बढ़ जाता है। अचानक किस मार्ग से कौन सी गाड़ी निकल रही है और इधर मेन रोड़ से कौन सी गाड़ी आ रही है कोई समझ नहीं, दिन - रात वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा यहां पर कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। कई स्थानों पर संकेतक बोर्ड लगा हुआ था किन्तु उनका मरम्मत भी नहीं किया गया और देखते ही देखते वहां से गायब भी हो गया, बौजूद संबंधित विभाग कोई रुचि नहीं दिख रही है।

इन मार्ग से रोजाना लोग किसी न किसी कार्य से गुजरना होता है और अब तो कुंडेल भाटा चालू हो जाने से बड़ी-बड़ी धान से भरे ट्रकों का आना-जाना शुरू हो चुका है, सैकड़ों छात्र-छात्राएं आते -जाते हैं। स्कूल भी मेन रोड़ पर है पर भी स्कूल बच्चों वाली संकेत बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। जिन्हें हर समय खतरा बना रहता है। स्कूली बच्चों ने बताया की तीनों सड़कें आकर मिलती हैं। संकेतक बोर्ड सड़क के किनारे न लगे होने से वाहन चालक काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए आते - जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। इस मार्ग में सैकड़ों से अधिक लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं।

### दुर्घटनाओं पर लग सकता विराम

भेंडरी मोड़, रवेली मोड़, सहसपुर और कसेरुडीह को जोड़ने वाल मोड़, तरीघाट और कुंडेल को जोड़ने वाला मोड़, रोहिना, रविनगर व सेमरडीह को जोड़ने वाला मोड़, मुड़तरई कोपरा जैसे कई मोड़ है जो तीन मोड़ वाले मार्ग है तीनों सड़कों पर यदि संकेतक बोर्ड लगा दिए जाएं तो आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर काफी हद तक विराम लगाया जा सकता है। साथ ही स्कूली बच्चो के सुरक्षा के लिये भी स्कूल से थोड़ा दूर संकेतक बोर्ड लगाने से सावधानी हो सकती है।



### बोर्ड लग जायेगा

इंजिनियर माधो सिंग देवांगन ने कहा कि अभी इसका प्रस्ताव बन रहा है। अभी कार्य पोखरा मार्ग पर चल रहा है अभी इस सड़क का प्रस्ताव भेज रहे हैं। एक से डेढ़ माह के अंदर संकेतक बोर्ड लग जायेगा।

### संकेतक बोर्ड के लिये बजट बना कर दे चुके

चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य कहा कि सड़कों की साफ- सफाई व सड़क दुर्घटना न हो उसके लिये, संकेतक बोर्ड के लिये बजट बना कर दे चुके हैं, विधायक द्वारा अधिकारियों को आदेशित भी किया गया है। पीडब्लूडी के ई -साहब को पेच निर्माण के लिए भी बोल दिया गया है। और कहीं-कहीं पर पेज वर्क का कार्य चालू भी हो चुका है।

### खराब सड़क व संकेतक बोर्ड का न होना दुर्घटना का कारण

राजिम से बेलटुकरी, कौनद्केरा और तरीघाट से लोहरसी, भेडरी, कुरुद तक की सड़क काफ़ी खराब और सकरी है। रोजाना बड़ी बड़ी गाड़ीयों का आवागमन बना रहता है ऐसे में रोड़ सकरी व खराब होने के चलते रोजाना कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। ज्यादा तर दुर्घटना का शिकार दो पहिया चालकों की होती है। बड़ी- गाड़ी पूरे रोड़ को घेर कर चलती है ऐसे में दो पहिये गाड़ी चालक अपना संतुलन खो बैठता है और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं, स्कूली बच्चे भी राजिम, कोपरा, लोहरसी, कौनद्केरा पढ़ने जाते हैं ऐसे मे सकरी रोड और संकेतक बोर्ड न होना किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है।

## प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव से मिले जिले के मंडल अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से रायपुर ग्रामीण जिला के मंडल अध्यक्षों द्वारा सौजन्य मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्षों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि भाजपा संगठन में अध्यक्षीय प्रणाली होने के कारण संगठन के सभी स्तरों पर अध्यक्षों का विशेष महत्व होता है। इसमें मंडल अध्यक्ष के द्वारा ही संगठन के कार्यों का संचालन किया जाता है तथा समस्त कार्यप्रणाली की दशा और दिशा तय की जाती है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश व आह्वान का क्रियान्वयन करने के लिए मंडल अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। विपक्ष में रहने के दौरान जो संघर्ष मंडल अध्यक्षों द्वारा किया गया है उसे भी याद रखना होगा और अब सत्ता में बैठने के बाद संगठन के द्वारा सेवा कार्य की गति बढ़ाने की जरुरत भी है। सत्ता और संगठन में बेहतर समन्वय स्थापित करने के बारे में भी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आश्वस्त किया गया। मंडल अध्यक्षों ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का अभिनंदन किया गया। इस दौरान तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु, तिल्दा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, अभनपुर मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, तामासिवनी चंपारण मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, धरसीवां मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, विधानसभा मंडल अध्यक्ष भरत सोनी, खरोरा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे।

## भगवान श्री राम को नकारने के कारण कांग्रेस गर्त में जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- भाजपा के पूर्व सांसद चंदूलाल ने कहा- लोकसभा चुनाव में जीतेंगे सभी 11 सीट



कांग्रेस शुरू से भगवान श्री राम को नकारने का काम कर रही है। जिसके कारण देश की जनता आज कांग्रेस को पूरी तरह नकार चुकी है। कांग्रेस गर्त में जा रही है। उक्त बातें मैनपुर पहुंचे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा सांसद चंदूलाल साहू ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कही। श्री साहू ने कहा अयोध्या में 500 साल बाद भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण होने से पूरे देश के लोगो में खुशी का महौल देखने को मिल रहा है और 22 जनवरी का सभी को बेसर्बी से इंतजार है इस दिन पूरे देश मे दिपावली की तरह खुशियां मनाया जायेगा जिसको लेकर घर घर तैयारी किया जा रहा है। उन्होने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों को कितना मिल पा रहा है यह जानने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में महासमुंद क्षेत्र से ही चुनाव लड़ने की बात कही है। आगामी लोकसभा चुनाव में हमारे कार्यकर्ताओं के मेहनत से फिर सभी 11 सीट छत्तीसगढ के जीत हासिल करेंगे मोदी की गारंटी को पुरा करने में छत्तीसगढ के भाजपा सरकार जुट गये है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष रामदास वैष्णव, महामंत्री दिलीप साहू, आरटीआई जिला संयोजक रूपेश साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, भाजयुमो अध्यक्ष महेश कश्यप, मनोज निर्मलकर, पुलस्त शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और आनंद मेला उपयोगी : एसडीएम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जुपिटर पब्लिक स्कूल में 6 जनवरी को हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आंनद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम राजिम धनंजय नेताम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यदु एवं जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजू साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार फिंगेश्वर खोमन लाल ध्रुव, सीएमओ प्रदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी शिव सिंह कवंर, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिन्हा जी रहे। मुख्य अतिथि नेताम ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आनंद मेला जैसे कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी होते है। इस प्रकार का कार्यक्रम प्रतिवर्ष होना चाहिए। उसके बाद संस्था के सभी अतिथियों को आंनद मेला में भ्रमण कराते हुए आनंद मेला का शुभारंभ किये। साथ ही सरस्वती वंदना नृत्य के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का संचालन सावित्री निषाद एवं मनीषा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं के सभी बच्चों ने विविध राज्यो के परिधान में डांस एवं नाटक प्रस्तुत का सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिए। दर्शकों ने खुश होकर प्रोत्साहन राशि भी दिए। इसके अतिरिक्त आंनद मेला में दर्शकों ने विविध स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद उठाये और छोटे बच्चों के लिए भी जम्पिंग गेम, रिंग गेम, फिसलपट्टी गेम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों ने खूब मौज मस्ती किये। बच्चों द्वारा बनाये विविध मॉडल प्रदर्शन से दर्शकों व अभिभावकों काफी खुस दिखे। कार्यक्रम में एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य में बच्चों की सुंदर प्रस्तुति देखकर आनन्दित हुए। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी टीचर्स सावित्री निषाद, शशि श्रीवास्तव गीता ध्रुव, रूपाली यादव, जनक शुक्ला, उपासना यादव उपस्थित थे।

## सार्थकता व संतुष्टि जीवन की सफलता की श्रेष्ठ परिभाषा : पं.अमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





आप और हम समिति व ग्रामवासी परसदाकला के तत्वावधान में शीतला पारा बाजार चौक में 9 से 15 जनवरी तक श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे व तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अमन शर्मा पंचकोषी धाम फिगेंश्वर वाला ने कहा कि हमारे जीवन का श्रेष्ठतम परिभाषा है सफलता, सार्थकता और संतुष्टि। ये तीनों भाव मिलकर समग्र जीवन का निर्माण करते हैं। हर कोई अपने जीवन में प्राप्त करना चाहता है और प्राप्ति के लिए सतत प्रयासरत रहता है। यह अवश्य है कि सभी के प्रयास अपनी अपनी तरह के, अपने सोच के अनुसार है। जिंदगी के कुछ नियम व सिद्धांत होते हैं। हमारे किसी भी तरह के प्रयासों की सफलता इन्ही पर निर्भर होती है। आयोजन के दूसरे दिन बिल्व पत्र, भस्म रूद्राक्ष महिमा की कथा बिल्व का महत्व बताते कहा जो रोगों का नाश करें उसे बिल्व कहा जाता है। भगवान शिव अर्थात कल्याणकारी देवता हैं। उन्हें प्रिय है बेलफल और बेलपत्र जो वरदान की तरह चमत्कारी है। धर्म का कर्म जो है वह अभिमान से नहीं विनम्रपूर्वक श्रद्धा से होता है।

**मनुष्य के उद्धार के लिए धर्म और ज्ञान से बड़ा कोई दूसरा विकल्प नहीं-** शिव महापुराण कथाचार्य अमन शर्मा ने आगे कहा कि भगवान शिव जी की महिमा का व्याख्यान करते हुए बताया कि मनुष्य के उद्धार के लिए धर्म और ज्ञान से बड़ा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। धर्म को न मानने वाले लोग अधर्मी और अशुद्ध होते हैं। धर्म और ज्ञान से जुड़ी हुई बातों से भक्तों को अवगत कराया और कहा कि इस भूतल पर कल्याण के लिए इस कथा से उत्तम दूसरा कोई साधन नहीं है। उन्होंने कहा कि इस महापुराण के पठन अथवा ज्ञान से अवश्य ही पापी, दुराचारी लोग शुद्ध हो सकते हैं। शिव महापुराण कथा का तीसरे दिन भक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु शिव महापुराण कथा में भोले बाबा की प्रेरक भजन संगीतमय सुनाये गए।



### टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर से मुलाकात की

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला के नेतृत्व में नवपदस्थ कलेक्टर गौरव कुमार सिंह का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। रायपुर जिला में विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव कार्य में लगे समस्त कर्मचारियों को निर्वाचन मानदेय जारी करने हेतु ज्ञापन दिया गया। चूंकि निर्वाचन सम्पन्न हुए लगभग डेढ़ माह पश्चात भी भुगतान नहीं हो पाया है। जबकि दूसरे जिलो में निर्वाचन मानदेय प्राप्त हो गया है, जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित शाखा प्रभारी को शीघ्र निर्वाचन भत्ता भुगतान करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ओमप्रकाश सोनकला, जितेंद्र मिश्रा, टिकेश्वरी साहू, कन्हैया कंसारी, डॉ छन्नूलाल साहू, हरिश दीवान, अतुल शर्मा, मनोज मुछावड़, कृष्ण कुमार जांगड़े, रुद्र नारायण तिवारी सहित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### पंचकोशी धाम की...

महासमुंद, गरियाबंद, अभनपुर, कुरूद, बिन्द्रानवागढ़, आरंग, मंदिरहसौद, बेमेतरा और कवर्धा जिले के गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल होने जा रहे हैं।

**गांव- गांव में यात्रियों का स्वागत-** पंचकोशी धाम की होने वाली पदयात्रा की तपस्या सैकड़ों साल पुरानी है। मान्यता है कि पंचकोशी धाम के इन पांचों सुप्रसिद्ध मंदिरों में पैदल जाकर दर्शन और पूजा करने से मनुष्य के सारे दुख, दारिद्रय और संकट समाप्त हो जाता है। इसी श्रद्धा और आस्था के चलते कई हजारो हजार श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं। इनकी यात्रा देखते ही बनती है। गांव - गांव में इन पंचकोशी यात्रियों का स्वागत होता है। पूरे छत्तीसगढ़ में पंचकोशी धाम की यह यात्रा काफी प्रसिद्ध है। इसकी ख्याति छत्तीसगढ़ के दूरस्थ जिलों में भी फैली हुई है। उल्लेखनीय है कि पटेवा में सरपंच भेनमती-राजू पाल की अगुवाई में समूचे ग्रामवासियों द्वारा पंचकोशी यात्रियों का स्वागत सम्मान ढोल ढमाके के साथ किया जाएगा। इसकी तैयारी में पूरे ग्रामवासी लगे हुए है।

### सरकार बदलते ही...

तीन वर्ष पहले जो ग्रीन ब्लैक बोर्ड लाए गए थे। उसे सबसे पहले जनपद पंचायत में रखा गया था। जनपद पंचायत में आला अफसरों के दौरा होने के कारण इसे वहां से हटाकर कुछ दिन बीआरसीसी कार्यालय के पीछे गोदाम रखा गया था। वहां शिक्षकों के प्रशिक्षण होने के कारण ब्लैक बोर्ड को पिछले एक साल से सामुदायिक भवन मैनपुर में रखा गया था। सामुदायिक भवन में ब्लैक बोर्ड सड़ रहा था। अब कहां गया, इसकी जानकारी नहीं मिल रही है।
**जनपद पंचायत में उठा था मामला-** जनपद पंचायत सामान्य सभा में शिक्षा विभाग द्वारा खरीदे गए ब्लैक बोर्ड मामला को जोरशोर से उठाया गया था। तत्कालीन कलेक्टर से जांच की मांग की गई थी। अब तक इस मामले में क्या जांच हुई है, सार्वजनिक नहीं की गई है। बीच- बीच में यह मामला उठता रहा, पर अफसर जांच को लेकर टालते रहे। **अफसर जानकारी देने से बच रहे-** बोर्ड के सामुदायिक भवन में नहीं होने व कहां रखने के संबंध में अफसर कोई भी जानकारी देने से बच रहे। अफसरों का कहना है कि इस संबंध में उच्चाधिकारों से ही जानकारी लें। जांच के संबंध में भी जानकारी नहीं होने की बातें कहीं।

### चारोंधाम चौक और...

महिलाओं ने ग्राम पंचायत को पांडुका बस स्टैंड और चारों धाम चौक में मूत्रालय बनाने को लेकर कई बार मौखिक व लिखित आवेदन दिए पर पंचायत के सरपंच सचिव और उप सरपंच ने सुनवाई नहीं की, जिसको लेकर महिलाओं के सब्र का बांध टूटा और बुधवार को सभी महिलाएं एक जुट होकर हल्ला बोला साथ ही नया तालाब चारों धाम चौक स्थित नया तालाब में उपसरपंच द्वारा घर के गंदे पानी को सालों से पाइप लगाकर फेंका जा रहा है। जिसको लेकर पूर्व में ग्राम सभा की मीटिंग में बात हुई थी और उपसरपंच ने इसे हटाने के लिए 1 साल का वक्त भी मांगा था पर 1 साल बीत गया अभी तक उप सरपंच ने निस्तारी तालाब से अपने गंदे पानी को फेंकने का सिलसिला बंद नहीं किया है। ग्राम की महिलाएं सुजोतिन बाई, सोनी बाई, लक्ष्मीबाई, प्रेम बाई, हेमीन बाई, अबदलबाला पटेल, गायत्री बाई, चंद्रिका बाई, गीता बाई, सुलोचना बाई, खिलावन सिन्हा, मनोज सचदेव, अशोक पटेल, जवाहर शर्मा, उदल तारक, शालिक राम साहू, पूर्णिमा साहू, सीता साहू, सुनीता यादव, सुकून बाई, सुहागा बाई आदि शामिल रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



## बिहुला बाई को मिला अयोध्या का आमंत्रण

**राजिम।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए अतिथि के रूप में राजिम में कचरा बीनकर जीवन यापन करने वाली वृद्ध महिला बिहुला बाई को आमंत्रण मिला है। इस आमंत्रण से नगरवासी अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष घनश्याम साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा, सुनील जैन उनके निवास स्थान झोपड़ी में जाकर श्रीमती बिहुला बाई को पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और खुशी व्यक्त किये। इस आमंत्रण से राजिम धाम का मान सम्मान पूरे देश में बढ़ा और देश भर में श्रीमती बिहुला बाई के कारण चर्चा होने लगी है।यहां के लोग बिहुला बाई से मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## पालिका सभापति ने राशन दुकानों का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू ने नगर के विभिन्न राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। साहू ने राशन दुकानों में उपस्थित नागरिकों, माताओं, बहनों, उपभोक्ताओं से प्रति माह मिलने वाले राशन की मात्रा व गुणवत्ता से संबंधित वार्तालाप कर जानकारी प्राप्त की। साथ ही दुकानों के कर्मचारियों से राशन दुकान पर जनजागरुकता के लिए प्रतिदिन समय सारणी नोटिस चिपकाने व राशन की उपलब्धता की जानकारी उपभोक्ताओं को देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राशन वितरण के दौरान उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका ख्याल रखने कर्मचारियों को कहा। इस दौरान उपभोक्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**प्रवचन :** गांधी मैदान में भागवत कथा का छठवां दिन

# गोपियों के मन में अहंकार का भाव आते ही भगवान हो गए अंतर्ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन महाराज शान्तनु ने गाँधी मैदान में कथा गोवर्धन लीला के साथ प्रारम्भ की। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण ग्वाल बाल के साथ मिलकर भगवान ने पूरे गोवर्धन पर्वत को कैसे उठा लिया और इंद्र का अभिमान को भंग किया। इस लीला के माध्यम से भगवान यह समझाना चाहते थे कि व्यक्ति को सदैव यह मानकर चलना चाहिए कि हमारे सारे काम उन्हीं की कृपा से होते हैं दिखता तो भक्त है। उसके पीछे से भगवान की कृपा जुड़ी होती है। श्रद्धालुओं को आज तुलसी वर्षा और रूखमणी विवाह की कथा का रसपान कराया । सभी ब्रजवासी भगवान में भगवत्ता का दर्शन करने लगे । इंद्र लज्जित होकर आया है और भगवान से क्षमा याचना किया है महाराज जी ने कहा कि गोवर्धन लीला का तात्विक अर्थ ही यह है कि किसी की पूजा डर कर नही प्रेम से किया जाय । भगवान ने ब्रजवासियों को बैकुंठ का दर्शन कराया है परंतु वहां जाकर ब्रजवासियों को लगा कि बैकुंठ से अच्छा तो अपना वृन्दावन ही है क्योंकि वहाँ भगवान अत्यंत ही सहज हैं।

आज रूखमणी विवाह की कथा और तुलसी वर्षा के बाद के बाद यजमान उपाध्याय परिवार द्वारा नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कथाकार श्री शान्तनु महाराज रथ में सवार रहे और धुमाल बाजे पर भगवान कृष्ण और राम धुन पर नगर के युवा , महिला पुरुष सब उत्सव मनाते रहे। नगर का माहौल राममय कृष्णमय हो चुका है। नगर में जगह- जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।





### गोपियों के अहंकार को भगवान ने तोड़ा

शान्तनु महाराज प्रयागराज ने महारास का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शरदपूर्णिमा की रात को भगवान ने अपनी बंशी पर सुंदर तान छेड़ी। बंशी की आवाज सुनकर ही सभी गोपियां अपना सब कुछ कामधाम छोड़कर भगवान के पास दौड़ी आईं। आज महारास में उन्हीं गोपियों के कान में बंशी की आवाज पड़ी है जिनका चीरहरण अर्थात जिनके माया का परदा भगवान ने हटा दिया है। भगवान ने गोपियों के प्रेम और समर्पण की परीक्षा ली है। सभी गोपियों के सर्वस्व समर्पण को देखते हुए भगवान अत्यंत प्रसन्न हुए और दिव्य महारास प्रारंभ किया। गोपियां वहीं हैं जिनकी इंद्रियां सदैव कृष्ण रस का पान करती हैं। रास करते समय गोपियों के मन मे अहंकार हुआ कि भगवान बस हमारे इशारों पर नाचते हैं। भगवान इनके मन की भावना को समझकर अहंकार को तोड़ने के लिए छोड़कर अंतर्ध्यान हो गए। तब सभी गोपियाँ भगवान को अपने बीच मे न पाकर विरह में पागल हो गईं। सभी गोपियां मिलकर गोपी गीत गाती हैं जब इनका विरह प्रेम में बदल गया तो भगवान पुनः प्रगट हो गए और सबके साथ मिलकर दिव्य महारास रचाया है और समस्त गोपियों की मनोरथ को पूर्ण किया ।

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को घरेलू सामग्री किया वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के पुलिस थाना पायलीखण्ड (जुगाड़), गरियाबंद जिले में नक्सल विरोधी अभियान हेतु तैनात सीआरपीएफ डी/211 समवाय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा नक्सली समस्या का हल तो किया ही जाता है। साथ हीं समय–समय पर उनके द्वारा समाज सेवा जनकल्याण हेतु कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। सीआरपीएफ डी/211 समवाय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत संजीव रंजन,कमाण्डेन्ट 211 बटाद्न सीआरपीएफ, निरंजन कुमार कम्पनी कमांडर डी–211 बटाद्न, डाद्न देवीनेनी तपस्वनी (मेडिकल आफिसर 211 बटाद्न सीआरपीएफ), परमेश्वर नेताम (सरपंच ग्राम पंचायत तौरेंगा) अनूप कश्यप उपसरपंच ग्राम पंचायत तौरेंगा, हेमंत नेताम सरपंच पति ग्राम पंचायत जांगड़ा, भानू प्रताप उपसरपंच ग्राम पंचायत जांगडा, पुस्तम मांझी सरपंच ग्राम पंचायत अमाड़ और पुलिस थाना पायलीखण्ड जुगाड़, के प्रभारी उपनिरीक्षकरूपेन्द्र देवांगन, की मौजूदगी में ग्राम पंचायत तौरेंगा, ग्राम पंचायत जांगडा तथा ग्राम पंचायत अमाड एवं ग्राम पंचायत साहिबिन कछार के आश्रित गांवों के जरूरतमंद लोगों को मच्छर दानी, साडी, कंबल, लूंगी, कड़ाही एवं करछी इत्यादि का वितरण किया गया। साथ ही निःशुल्क चिकित्सा कैम्प लगाकर डाद्न देवीनेनी तपस्वनी द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों का निःशुल्क हेल्थ चेकअप किया गया। हेल्थ चेकअप के दौरान ग्रामीणों को चेकअप कर उन्हें आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। जिससे उनको लाभ मिल सके तथा वह शीघ्र स्वस्थ हो सकें।

# पिछड़ी जनजातियों के लिए लगाया गया विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए निरंतर शिविर लगाएं जा रहे हैं। इसी कड़ी में 10 जनवरी को ग्राम पंचायत रसेला में पीएम जनमन योजना अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर को समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों को सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीवीटीजी समुदायों परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। शिविर में कुल आवेदन 49 प्राप्त हुआ जिसमें 40 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस विशेष



शिविर में आधार कार्ड के लिए 11 , आयुष्मान कार्ड 9 , बैंक खाता 13 , उज्जवल योजना के 16 आवेदन मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा अनुरूप प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को आधार कार्ड, जन-धन खाता, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, हर घर नल जल, विधुतिकरण, सडक ,वन अधिकार पट्टा, पीएम मातृत्व वंदना योजना, पीएम कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उप-सरपंच परमेश्वर यादव, सचिव भुनेश्वर ध्रुव, देवप्रकाश साहू छात्रवास अधिक्षक, जम्बेश्वर साहू आरएचओ स्वा. विभाग, मालती बाई ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लीला बाई ठाकुर, धनंजय ध्रुव आपरेटर, मिथलेश ध्रुव, अंजोर सिंह नायक सहायक लाईनमैन, जाफरीन बेगम एमटी, फूलबासन ठाकुर, विमला मानिकपुरी, सुशील सिन्हा, देवबत्ती , तरूणा यादव, दिपकुमारी, बैसाखिन, दुलम यादव मितानिन टंकेश्वर सेन, लोमेश्वरी कोमर्रा सहित बड़ी संख्या में जनजातीय के लोग उपस्थित थे।

# शाला में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल मे गत दिवस विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। संस्था के प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब से मिली जानकारी के अनुसार शाला मे हर वर्ष दस जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप मे मनाया जाता है। उसी प्रकार इस वर्ष भी शाला मे विश्व हिंदी दिवस पालन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सूबे का प्रार्थना सभा मे बच्चों के माध्यम से विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम हुआ, जिसमे भाषण, चित्रकला प्रदर्शन, गीत, एवं तरह तरह के कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य ने यह विश्व हिंदी दिवस के व्याख्या करते हुए कहा की हिंदी प्रेमियों के लिए आज का दिन खास है। भारत सहित पूरी दुनिया में विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए 2006 में हर साल 10 जनवरी को हिंदी दिवस मनाने का ऐलान किया था। कार्यक्रम के अंत संस्था प्रमुख सैजु जेकब ने उपस्थित सभी छात्र - छात्राओं एवं उपस्थित सभी कर्मचारी गण को अपने रास्ट्र भाषा हिंदी के प्रति सदेव मान सम्मान करने एवं प्रचार प्रसार करने हेतु प्रेरित किये।






# स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान शुरू लगातार चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली जा रही है तथा स्वीप कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसके तहत विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकालकर लोगों को संदेश देते हुए कहा कि सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। इस अवसर पर अधिकारियों ने स्वीप कार्यक्रम मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। आगामी मतदान के दिन ज़ब आप मतदान करने जाएं तो परिचय पत्र (इपिक कार्ड) एवं फोटोयुक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जाये। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का वोट अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है।




### शत प्रतिशत मतदान के लिया शपथ

इसी तरह जिले में विशेष अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां संपादित की जा रही है। इसके तहत विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर अपने घरों तथा पड़ोसियों मतदान कराने का संकल्प लिया। साथ ही जिलावासियों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित किया।



## खबर संक्षेप



### जीपीएफ पासबुक संधारण हेतु शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रदेश के कर्मचारियों को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) के बदले ओपीएस पुरानी पेंशन की सौगात दी गई है। लेकिन अभी तक जीपीएफ पास बुक का संधारण गरियाबंद जिला में नहीं किया जा रहा है जो विचारणीय बात है। प्रांतीय सचिव सर्वेश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन दे कर अति शीघ्र समस्या का निराकरण करने निवेदन किया गया है। वहीं गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी तथा ब्लाक शिक्षा अधिकारी को जीपीएफ पासबुक संधारण हेतु तत्काल निर्देश प्रदान करें। ताकि शिक्षक एलबी संवर्ग में जो कटौती हो रही है वह पारदर्शिता के साथ पासबुक में देख सके।

### ओंढ, आमामोरा ग्रामों के लोग पी रहे झरिया का पानी



**मैनपुर।** आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद के महासचिव नरेन्द्र ध्रुव दूरस्थ वनांचल पहाड़ी के उपर बसे ग्राम ओढ़, आमामोरा पहुंचे। शासन द्वारा चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया तथा सामाजिकजनों से मुलाकात की। श्री ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माध्यमिक शाला आमामोरा में एकमात्र शिक्षक 23 बच्चों को शिक्षा देने मजबूर हैं। शिक्षक शासकीय कार्य से जिला मुख्यालय जाना हुआ तो स्कूल में ताला लग जाता है। प्राथमिक शाला भवन बेहद जर्जर होने के कारण माध्यमिक शाला भवन में दोनों विद्यालय संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि वनांचल क्षेत्र में लोगों को मूलभूत सुविधा भी नसीब नहीं हो पा रही है। आज भी पाराटोला और इन ग्रामों के लोग आयरनयुक्त लाल पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं, जिसके कारण अधिकांश लोग झरिया का पानी पी रहे हैं। उन्होंने सरकार, शासन से मांग की है कि ओंढ आमामोरा निवासियों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाए और स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था की जाए।

### विधायक इंद्रकुमार साहू का सरपंच संघ ने किया सम्मान

**अभनपुर।** सरपंच संघ, जनपद पंचायत व जिला पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में विधानसभा अभनपुर के नवनिर्वाचित विधायक इन्द्रकुमार साहू का सम्मान समारोह का आयोजन जनपद पंचायत परिसर में 11 जनवरी गुरूवार को आयोजित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत के सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने आह्वान किया है।

## पहल : ग्रामीण केन्द्र सरकार की योजनाओं से हो रहे लाभान्वित

# केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं संकल्प यात्रा से पहुंच रही हैं गांव-गांव तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से गांव-गांव तक केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जा रही है और लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी, ग्रामीणजन एवं हितग्राही विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ले रहे है। इस दौरान सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों गांव के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को ग्रामीणों को ओडीएफ प्लस होने पर अभिनंदन पत्र सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया जा रहा है। धरती कहे पुकार के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति देकर रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया जा रहा है। ग्रामवासी उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाएं गये स्टालों में जा कर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ले रहे है। साथ ही अधिकारियों द्वारा मंच के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे है।





### प्राकृतिक खेती करने कर रहे प्रोत्साहित

संकल्प यात्रा के दौरान चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी जा रही है। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने "मेरी कहानी मेरी जुबानी" के माध्यम से अपने अनुभव साझा कर रहे है। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा छुटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड तथा स्थल पर ही मरीजों को उपचार एवं दवाइयां वितरण कर रहे है। डाक विभाग द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभ लेने की अपील कर रहे है।

# सहायक प्रबंधक पदों पर शीघ्र नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

लघु वनोपज संघ के अंतर्गत सहायक प्रबंधक पदों पर शीघ्र नियुक्ति हेतु राज्य के सभी जिलों से कृषि, उद्यानिकी, वानिकी, इंजीनियरिंग (मैकेनिकल / सिविल), प्रबंधन के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर आग्रह पत्र सौंपा। साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि दस्तावेज सत्यापन सहित समस्त विभागीय प्रकिया पूर्ण होने के बाद भी समस्त अभ्यर्थी नियुक्ति के इंतजार में बैठे हैं। शासन से आगामी दिशा निर्देशों के अभाव में संबधित विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए है। आपको बता दें कि राज्य लघुवनोंपज संघ के अंतर्गत 180 संविदा पदों पर सहायक प्रबंधको की नियुक्ति हेतु व्यापम द्वारा पिछले वर्ष एलवीएम -23 प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। 14 अगस्त 2023 व्यापम द्वारा अंतिम मेरिट सूची जारी की गई। संघ मुख्यालय ने दस्तावेज सत्यापन सहित समस्त विभागीय प्रकिया पूर्ण की, किंतु पूर्व 2023 विधानसभा आचार संहिता, नवीन केबिनेट गठन और अब शासन से निर्देशों के अभाव में कृषि, उद्यानिकी, यानिकी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन के हजारों स्नातक और उच्च डिग्रीधारी परीक्षार्थी रिजल्ट जारी होने के 6 माह बाद भी नियुक्ति के इंतजार में बैठे है। पूर्व में भी छात्रों ने वनमंत्री केदार कश्यप और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मिलकर भी समस्याओं से अवगत कराया था। प्रदेश के अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले नियुक्ति प्रकिया पूर्ण करवाने हेतु समस्त परीक्षार्थियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

# माता राजिम जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह स्वागत

## विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

युवा प्रकोष्ठ परिक्षेत्र साहू समाज के तत्वाधान में राजिम माता जयंती का आयोजन किया जिसमें समाज के युवा बुजुर्ग माता बहनों ने बढ़-चढक़र भाग लिया था। शोभा यात्रा अभनपुर बस्ती साहू समाज से निकालकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए शाम 6 बजे उरला अटल चौक में समाप्त हुई इस दौरान पूरे शहर में साहू समाज का हुजूम उमड़ा व लोगों द्वारा माता राजिम के रथ पर जगह-जगह पूजा आरती की गई तथा साहू व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा माता पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथी अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य करने के लिए मुझे निवेदन करने की आवश्यकता नहीं है मुझे आदेश करें मैं आज जिस पद पर हूं वह समाज के ही आशीर्वाद से हूं आज क्षेत्र के लोगों ने मुझे एक आमकार्यकर्ता से विधायक बनाया है, साहू समाज ने मुझे परिक्षेत्र संरक्षण, संरक्षक से आज विधायक बनाया है मैं समाज हित के लिए शासन प्रशासन स्तर का कोई भी कार्य समाज के लिए करता रहूंगा। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष भोजराम साहू, उपाध्यक्ष पवन गुरुपंच, टेकचंद साहू, प्रेमलता साहू, युवा प्रकोष्ठ सागर साहू, मृत्युंजय साहू, मुकेश कुमार साहू, रूपनारायण साहू ,नगर साहू समाज अध्यक्ष डॉक्टर सुखदेव, उपाध्यक्ष घासुराम साहू, मुरली साहू, हरिश्चंद्र साहू, मदन चंदन, रविंद्र साहू, रामचरण साहू, जगदीश साहू, टिकेंद्र साहू, नारायण साहू, विवेक साहू, परमेश्वर साहू, मयंक साहू, नेहा साहू, कैलाश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।





# दो दिवसीय 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन

**छुरा।** ग्राम साजा पाली में दो दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ विविध संस्कार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ 8 जनवरी को अयोध्या के निर्माणाधीन श्री राम मंदिर के अक्षत कलश यात्रा के साथ के साथ ही जल कलश यात्रा निकाली गई। द्वितीय दिवस 9 को पांच कुंडीय यज्ञ में विश्व के कल्याण और मानव चेतना के उन्नयन हेतु देव शक्तियों को आमंत्रित कर वेद मंत्रों से आहुति प्रदान की गई। वैश्विक प्राण के शोधन के इस महा प्रयोग में अंचल के गायत्री परिवार के सक्रिय और प्राणवान कार्यकर्ता रामअवतार यादव, ठाकुर राम यादव, नंदकिशोर यादव, नंदकुमार सिन्हा, गोपाल सिन्हा, उमेंद सिंह दीवान, जैन सिंह पटेल, तिजउ राम साहू, रविशंकर दीवान कंवल सिंह, श्रवण दीवान अन्नपूर्णा यादव, चंद्र कला यादव, दुलसिया यादव, श्यामा ठाकुर, दुलम यादव, संध्या यदु आदि का अथक प्रयास रहा। संगीत में मालिक राम साहू, तुलसी साहू,देवा राम साहू, ठाकुर राम यादव, दिलीप यदु, आदि ने समा बांधें। देवा साहू और चंद्रकला यादव ने अपनी विद्वत्ता और प्रभावी वाणी से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने संगठित होकर सामाजिक, राष्ट्रीय समस्याओं लड़ने का आह्वान किया। इस यज्ञ में 7 गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार कर उन्हें स्वस्थ और संस्कारी संतान प्राप्ति के उपाय बताए गए। 2 जन्म दिन संस्कार भी किया गया। यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।







